AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

45 प्रतिशत अंक वालों को भी एमकॉम में प्रवेश

लविवि : प्रवेश समिति से प्रस्ताव पास, अभी तक 48 प्रतिशत अंक थे अनिवार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त जिलों लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली, लखनऊ और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों में अब ग्रेजुएशन में 45 प्रतिशत अंक होने पर भी विद्यार्थी एमकॉम में प्रवेश पा सकेंगे। अभी तक कॉलेजों में एमकॉम में प्रवेश के लिए न्यूनतम 48 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य था। बृहस्पतिवार को कुलपति की अध्यक्षता में मंथन हॉल में हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्राचार्य ने एक पत्र के जरिये कुलपति से अनुरोध किया था कि एमकॉम में प्रवेश के लिए स्नातक में 48 फीसदी की जगह 45 फीसदी न्यूनतम अंक का प्रावधान किया जाए। कहा था कि लखनऊ विवि के दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर (पीजी) कोर्स में प्रवेश के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक का प्रावधान है लेकिन एमकॉम में प्रवेश के लिए यह 48 प्रतिशत निर्धारित है। प्रवेश समिति की बैठक में चर्चा के दौरान यह विषय उठा कि महाविद्यालयों में हर वर्ष एमकॉम में तमाम सीटें खाली रह जाती हैं। 48 प्रतिशत से कम अंक वाले छात्र प्रवेश नहीं ले पाते हैं। बैठक में कहा गया कि प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम अंक 45 प्रतिशत होने पर वह एडमिशन लेने से वंचित नहीं होंगे। इस दौरान फैसला लिया गया कि अब स्नातक में 45 प्रतिशत अंक वालों को भी एमकॉम में प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में कुलपति प्रो. आलोक राय, रजिस्ट्रार विनोद सिंह और परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी समेत प्रवेश व परीक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

लविवि में हुई प्रवेश समिति की बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. आलोक राय। स्रोत : लविवि

महाविद्यालयों में एमकॉम की सीटें खाली रहने पर लिया फैसला

बीबीए में नहीं होगा स्पेशलाइजेशन

बैठक में फैसला लिया गया कि विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस (आईएमएस) के अंतर्गत चलने वाले स्पेशलाइज्ड पाठ्यक्रम बीबीए आईबी और बीबीए एमएस कोर्स को समाप्त किया जाएगा। इन दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें थीं जो अब सामान्य बीबीए पाठ्यक्रम के साथ जोड़ दी गई हैं। अब सभी 300 सीटें बीबीए की होंगी।

राज्यस्तरीय काउंसिलिंग से इस बार लेंगे प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी सत्र 2024 -25 से बीटेक एवं बीफार्मा पाठ्यक्रम में राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेगा। इस साल विवि ने अपनी काउंसिलिंग से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए थे। इस पर काफी सीटें खाली रह गई थीं। इसके बाद विवि को यह निर्णय लेना पड़ा और प्रवेश समिति में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

अब तीन पालियों में कराई जाएंगी परीक्षाएं

लविवि में बृहस्पतिवार को परीक्षा समिति की बैठक भी हुई। इसमें जो सबसे बड़ा निर्णय लिया गया, वह यह है कि आगामी सत्र से यहां सभी परीक्षाएं तीन पालियों में कराई जाएंगी। इससे विश्वविद्यालय के परीक्षा कराने की अवधि घटेगी। वहीं विश्वविद्यालय समय से परीक्षाफल घोषित कर सकेगा। इसके साथ ही विद्यार्थी इंप्रूवमेंट परीक्षा, नियमित परीक्षा के साथ ही दे सकेगा। परीक्षा समिति में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।

सुशासन के लक्ष्यों पर हुई चर्चा

लखनऊ। लविवि के लोक प्रशासन विभाग में सुशासन व विकसित भारत की संकल्पना पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन बृहस्पतिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. यूबी सिंह और प्रो. ओबीबी सिंह ने लोकतंत्र में सुशासन के लक्ष्यों और उसके महत्व पर चर्चा की। कुलपति महाराजा गंगा सिंह विवि प्रो. मनोज दीक्षित ने सुशासन के लक्ष्यों को सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ते हुए नीति क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों को रेखांकित किया। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, विभागाध्यक्ष प्रो. नंदलाल भारती, डॉ. वैशाली सक्सेना उपस्थित रहे। संवाद

एनएसएस शिविर का समापन

लखनऊ। लविवि की दो इकाइयों ओर से चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव व विशेष अतिथि एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेंद्र कुमार रहे। शिविर के अंतिम दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आनंद बल्लभ जोशी, डॉ. करुणा शंकर कनौजिया आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

NBT PAGE 5

नई व्यवस्था की तैयारी | परीक्षा समिति की बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

LU में 3 पालियों में होंगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

■ एनबीटी सं., लखनऊ

एलयू में अब सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में होंगी। विवि में गुरुवार को हुई परीक्षा समिति की बैठक में सम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वीवी प्रो. आलोक कुमार राय के अनुसार सम सेमेस्टर की परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित होती हैं। ऐसे में तीन पालियों में आसानी से करवाई जा सकती हैं।

पास होने का एक और मौका : परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 6वें सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके ऐसे विद्यार्थी जो पांच वर्ष की निर्धारित अवधि पूरी होने के बावजूद प्रथम या द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं, उन्हें एक और मौका देने का निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए ऐसे स्टूडेंट्स की परीक्षाएं सम और विषम सेमेस्टर के साथ करवाने का फैसला लिया गया है।

NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात

तीन पालियों में परीक्षा से क्या फायदा?

एलयू में अब तक सेमेस्टर परीक्षाएं दो पालियों में ही होती रही है। इससे सारी परीक्षाएं खत्म होने में काफी समय लग जाता है। सम सेमेस्टर परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित होने के कारण तीन पालियों में करवाने के निर्णय से एलयू को काफी फायदा होगा। पहला तो परीक्षाएं जल्द समाप्त हो जाएंगी और कॉपियां जल्दी चेक होने के साथ ही रिजल्ट भी जल्दी आएगा। ऐसा करने से सत्र को पटरी पर लाने में काफी मदद मिलेगी। एलयू से संबद्ध चार जिलों के कॉलेजों को पहले से ही तीन पालियों में परीक्षा की आदत हैं। क्योंकि ये कॉलेज पहले कानपुर विवि से संबद्ध थे, और वहां तीन पालियों में परीक्षा की व्यवस्था हैं। ऐसे में कॉलेजों को भी दिक्कत नहीं होगी।

कॉपियों के पेज कम करने का प्रस्ताव

परीक्षा समिती की बैठक में उत्तर पुस्तिकाओं के पेजों पर भी चर्चा हुई। अब तक एलयू में उत्तर पुस्तिका में 40 पेज होते हैं। इन्हें 32 पेज का करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव पर मंथन के लिए समिति का गठन किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर पेजों की संख्या पर निर्णय लिया जाएगा।

B.Com में 45% अंक तो M.Com में कर सकेंगे आवेदन

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : एलयू में अब बीकॉम में 45% अंक पाने वाले स्टूडेंट भी एमकॉम में आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश समिति ने गुरुवार को हुई बैठक में इस पर मुहर लगाई। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी तक बीकॉम में न्यूनतम 48% अंक वाले स्टूडेंट ही एमकॉम के लिए आवेदन कर सकते थे। असोसिएट प्रफेसर अनित्य गौरव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम की अर्हता भी रेगुलर बीकॉम और एमकॉम के बराबर रहेगी। वहीं, प्रवेश समिति ने एकेटीयू, एमएमटीयू और एचबीटीयू की काउंसलिंग के जरिए बीटेक व बीफार्मा में प्रवेश लेने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई।

बीए में अब विषयों के 8 ग्रुप: प्रवेश समिति ने बीए के विषयों के ग्रुप फिर से निर्धारित किए। सत्र 2024-25 में विवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में नए ग्रुप से विषय चयन की व्यवस्था होगी। अभ्यर्थियों को हर ग्रुप से अधिकतम एक विषय लेना होगा। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले 11 ग्रुप थे। अब आठ ग्रुप होंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

तीन पाली में परीक्षा को मंजूरी पास होने का एक और मौका

एलयू

■ उत्तर पुस्तिका को 40 पेज के स्थान पर 32 पेज करने के लिए समिति गठित की गई

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में होंगी। जिन छात्रों ने छह सेमेस्टर पास कर लिए हैं और प्रथम और द्वितीय में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें एक और मौका दिया जाएगा।

इसी तरह उत्तर पुस्तिका को 40 पेज के स्थान पर 32 पेज करने के लिए समिति गठित कर दी। यह निर्णय परीक्षा समिति की बैठक में हुए।

एलयू में गुरुवार को परीक्षा समिति की बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस सत्र से सम सेमेस्टर परीक्षाएं तीन पाली में होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि यह परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित हैं। लिहाजा तीन पाली में परीक्षा कराना आसान है।

बीए में नए ग्रुप घोषित, परीक्षा का समय 15 दिन कम होगा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए पाठ्यक्रम के लिए नए ग्रुप बना दिए गए हैं। एमकॉम कॉमर्स और ऑनलाइन बीकॉम व एमकॉम पाठ्यक्रम में प्रवेश की अहर्ता तय कर दी गई है। कुलपति की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिए गए।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि बीए के विषयों के ग्रुप दोबारा तय किए गए हैं। सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में इन्ही ग्रुप से विषय चयन करने की व्यवस्था होगी। ग्रुप कम करने से परीक्षाओं का समय लगभग 15 दिन कम हो जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को विषय चयन में अधिक सुविधा होगी। एमकॉम कॉमर्स पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की न्यूनतम अर्हता बीकॉम में 45 प्रतिशत अंक कर दी गई है। ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में अर्हता निर्धारित की गई है। वहीं, अब एकेटीयू काउंसलिंग से बीटेक, बीफॉर्म में दाखिले होंगे।

LU वीसी ने शिक्षकों के साथ खेली होली

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ: एलयू के टीचर्स स्टाफ क्लब में सांस्कृतिकी की तरफ से गुरुवार को होलीकोत्सव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर संगीता साहू, प्रो.मधुरिमालाल समेत काफी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुए। इस दौरान वृंदावन से आए दल ने राधा कृष्ण के होली खेलते रूप को प्रदर्शित किया और उनके साथ आए लोगों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। फूलों की होली खेली गई और लोगों को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई।

JAGRAN CITY PAGE III

तीन पालियों में होगी सम सेमेस्टर परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी सम सेमेस्टर परीक्षाएं तीन पालियों में कराएगा। बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) पर आधारित इन परीक्षा की अवधि डेढ़-डेढ़ घंटे की होगी। गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई परीक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

लवि से लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी के 550 से ज्यादा कालेज सम्बद्ध हैं। अभी तक सम और विषम सभी सेमेस्टर परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाती हैं। पाठ्यक्रम और विषय अधिक होने की वजह से परीक्षाएं देर तक चलती हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सम सेमेस्टर परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित होती हैं। इसलिए इसे तीन पालियों में कराने का निर्णय लिया गया। इस सुविधा से परिणाम भी समय से जारी हो सकेंगे। आगामी सम सेमेस्टर परीक्षाएं इसी के तहत होंगी। जल्द ही इसका समय भी निर्धारित कर लिया जाएगा। विषम सेमेस्टर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

पांच वर्ष की अवधि पूरे करने वाले विद्यार्थियों को मौका : ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने छठे सेमेस्टर की परीक्षा पास कर ली है, लेकिन वे प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा अभी तक उत्तीर्ण नही कर पाए और पांच वर्ष की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके है। उन सभी को समिति ने एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। उनकी परीक्षाएं सम एवं विषम सेमेस्टर के साथ ही कराई जाएंगी। बैठक में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह सहित सभी डीन, दो कालेजों के नामित प्राचार्य व लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआकटा) के अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय भी उपस्थित रहे।

मूल्यांकन के लिए कार्य मुक्त किए जा सकेंगे शिक्षक

अभी तक जिन कालेजों के शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए बुलाया जाता था, कई बार उन्हें संस्थान से कार्यमुक्त नहीं किया जाता था। इस वजह से मूल्यांकन कार्य प्रभावित होता था। अब परीक्षा समिति में तय हुआ कि मूल्यांकन ड्यूटी के लिए अनिवार्य रूप से शिक्षकों को कार्य मुक्त किया जाएगा। इसके लिए कुलसचिव कालेजों को निर्देश भेजेंगे।

बी.काम में 45 प्रतिशत वाले भी कर सकेंगे एमकाम में आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित एम.काम पाठ्यक्रम में अब दाखिले के लिए बी.काम की न्यूनतम अर्हता घटाकर 45 प्रतिशत कर दी गई है। अभी तक यह न्यूनतम 48 प्रतिशत थी। गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई प्रवेश समिति की बैठक में छात्र हित मे इस पर मुहर लगा दी गई। इससे अधिक संख्या मे अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक लखनऊ विश्वविद्यालय एकेटीयू की काउंसिलिंग के माध्यम से बी.टेक, बी.फार्मा और एम.सी.ए कोर्सों में प्रवेश होते थे। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय ने अपने स्तर से ही प्रवेश लिए, लेकिन अब इन कोर्सों में दाखिले राज्य स्तरीय काउंसिलिंग से लिए जाएंगे। इस पर निर्णय ले लिया गया है। बी.ए के विषयों के ग्रुप कम करते हुए पुनर्निधारित किए गए है। सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालयएवं सहयुक्त महाविद्यालयों में ग्रुप ए से एच तक से विषय चयन करने की व्यवस्था होगी। अभ्यर्थियों को प्रत्येक ग्रुप से अधिकतम एक विषय का चयन करना होगा।

लवि और कालेजों में 24 से 28 तक होली की छुट्टी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में 24 से 28 मार्च तक होली की छुट्टी रहेगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को इसका आदेश जारी कर दिया। अभी तक 24 व 25 मार्च को ही होली का सार्वजनिक अवकाश घोषित था, लेकिन शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तीन दिन अतिरिक्त अवकाश का अनुरोध किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर 28 मार्च तक अवकाश घोषित कर दिया गया।

लवि के चार और शिक्षकों को मिला शोध प्रोजेक्ट

लखनऊ: लवि के चार और शिक्षकों को रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत शोध प्रोजेक्ट मिले हैं। इनमें एजुकेशन विभाग के डा. हेमेंद्र कुमार सिंह, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डा. रितु नारंग, मैथमेटिक्स एंड एप्लीकेशनी विभाग की डा. अलका मिश्रा और बिजिएस के डा. विनोद कुमार शामिल हैं। इन शोध प्रस्तावों की कुल लागत 6,83,400 रुपये है। (जासं)

समय सारिणी जारी

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.काम दूसरे व चौथे सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन, प्रस्तुतीकरण एवं असाइनमेंट की समय सारिणी जारी कर दी है। दूसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन एक से नौ अप्रैल और चौथे सेमेस्टर के लिए एक से पांच अप्रैल की तिथि तय की गई है। (जासं)

PIONEER PAGE 3

तीन पालियों में एमसीक्यू आधारित होंगी एलयू की सम-सेमेस्टर परीक्षाएं

● अगले सत्र से 40 के स्थान पर 32 पेज की होंगी उत्तर-पुस्तिकाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आने वाले माह के दौरान प्रस्तावित सम-सेमेस्टर परीक्षाएं एमसीक्यू (मल्टीपल च्वॉइस कोश्चंस) आधारित होंगी। एमसीक्यू आधारित परीक्षाएं के आयोजन के चलते इन्हें तीन पालियों में सम्पन्न कराया जायेगा। यह निर्णय गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बैठक में लिया गया है।

विवि में आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे छात्र जिन्होंने छठें सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, परन्तु वे प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नही कर सकें है तथा पांच वर्ष की निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके है, ऐसे छात्रों को समिति द्वारा एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। जिससे उनका पाठ्यक्रम पूर्ण हो सकें तथा उनकी परीक्षाएं क्रमशः सम एवं विषम सेमेस्टर के साथ कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में अगले सत्र से परीक्षा के दौरान प्रयोग में लाई जाने वाली उत्तर-पुस्तिकाओं में पेज की संख्या को 40 के स्थान पर 32 करने का निर्णय लिया गया। जबकि पीजी व लॉ की परीक्षाओं में उत्तर-पुस्तिकाओं में पेज संख्या के निर्धारण को लेकर एक कमेटी बना दी गयी।

मूल्यांकन के लिए सभी प्राचार्यों को देना होगा शिक्षकों को अवकाश: बैठक में उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर निर्णय लिया गया कि इसके लिए सभी प्राचार्यों को अनिवार्य रूप से शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए अवकाश देना होगा।

एलयू एमकॉम में प्रवेश को लेकर 45 फीसद अर्हता लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एमकॉम में दाखिले को लेकर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से अर्हता निर्धारित कर दी गयी। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई प्रवेश समिति की बैठक में बीकॉम में निर्धारित अर्हता 45 फीसद के आधार पर प्रवेश लेने का निर्णय लिया गया। जबकि पूर्व में एमकॉम में प्रवेश की अर्हता 48 फीसद निर्धारित थी। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में बीटेक व बीफार्म में दाखिला एकेटीयू, एचबीटीयू, एमएमटीयू की काउंसलिंग के आधार पर देने का निर्णय लिया गया। बैठक में ऑनलाइन बीकॉम एवं एमकॉम की अर्हता वही होगी, जो रेगुलर बीकॉम और एमकॉम की है। बैठक में स्नातक स्तर पर बीए के विषयों के ग्रुप पुनर्निधारित किए गए। सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में इन्ही ग्रुप से विषय चयन करने की व्यवस्था होगी। अभ्यर्थियों को प्रत्येक ग्रुप से अधिकतम एक विषय का चयन करना होगा। ग्रुप कम करने से परीक्षाओं का समय लगभग 15 दिन कम हो जाएगा एवं अभ्यर्थियों को विषय चयन में अधिक सुविधा होगी।

होली पर पांच दिन बंद रहेगा एलयू: होली के पर्व को देखते हुए 24 व 25 मार्च को पूर्व घोषित सार्वजनिक अवकाश के अतिरिक्त विवि के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आग्रह पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सार्वजनिक अवकाश के अतिरिक्त 26 से 28 मार्च तक अवकाश घोषित कर दिया है। इस बावत विवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने विवि सहित सभी महाविद्यालयों को आदेश जारी कर दिया है।

THE PIONEER PAGE 3

Registrations open for online BCom, MCom at LU

Lucknow (PNS): Registrations have started for admission to online BCom and MCom courses offered by Lucknow University Centre for Distance Education (LUCODE).

LUCODE director Prof Piyush Bhargava said on Thursday that LU is the first state university in the country to be offer these courses online.

Bhargava said eight students registered within the first two hours. "Efforts were being made in this direction for the past one year. We got the nod for these courses from the University Grants Commission in February," he said.

He said that though they have started with these two courses, there are others in the pipeline as they have been approved by the university's academic council. "These courses in economics, social work, Sanskrit, and English will be launched in future," he added.

Bhargava said no entrance tests will be conducted for these courses. "We do not want to keep too many restrictions since it is a kind of facility for the students who may have problems in pursuing regular courses while living in remote areas," he said, adding there are no age restrictions for these online courses.

"Our aim for these distance online programmes is that education is made convenient and easy for all. Those who are deprived of the offline education for some reason can avail of such courses. We are inviting applications from all over the country," he added.

Talking about the lectures in this mode of teaching, he said there is content, including videos, available online. "The UGC has chalked out rules and regulations and 120 hours will be dedicated for each paper of the subject," he added.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में कुलपति ने खेली होली

लखनऊ (एसएनबी)। टीचर्स स्टाफ क्लब में लखनऊ विश्वविद्यालय ने होलीकोत्सव का आयोजन किया था, जिसमे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय पूरे परिवार के साथ शामिल हुए और सभी को होली की बधाई दी। इस आयोजन में प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी, कुलसचिव डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर संगीता साहू तथा अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। वृंदावन से आए दल ने राधा कृष्ण के होली खेलते रूप को प्रदर्शित किया और उनके साथ आए लोगों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद इसमें फूलों की होली खेली गई और लोगों को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

ज्ञान को परखने का मिलेगा मौका: प्रो. आलोक

वेबसाइट एवं प्लेसमेंट पुस्तिका का विमोचन करते लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेजिएट टेक फेस्ट प्रिज्म-2024 के आयोजन से पूर्व पोस्टर, वेबसाइट एवं प्लेसमेंट पुस्तिका का विमोचन किया गया। कुलपति ने 8 अप्रैल से आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारियां साझा की।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि टेक फेस्ट प्रिज्म-2024 छात्रों के लिए इनोवेशन एवं कोलैबोरेशन का उत्कृष्ट समागम होगा। इसमें छात्रों को ज्ञान अर्जित करने एवं अपने ज्ञान को परखने का अवसर मिलेगा। प्रिज्म-2024 एक डायनेमिक दो दिवसीय इंटर कॉलेज टेक फेस्ट है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में तकनीकी कौशल, इनोवेशन एवं हेल्दी कंपटीशन को प्रोत्साहित करना है। प्रिज्म में प्रोग्रामिंग चैलेंजस, सेमिनार्स, वर्कशॉपस एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कोडिंग स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स, प्रैक्टिकल लर्निंग, ब्रेनस्टॉर्मिंग एवं टीमवर्क स्किल को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।

11 प्रतियोगिताओं के होंगे आयोजन

8 और 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल एवं सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र शामिल किये गए हैं। इसमें 11 प्रतियोगिताओं के आयोजन होने है। इसमें एल्गोरिथमिक अरेना, बग- ठग, कैप्चर द फ्लैग, कोड-मेष, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रोबो रेस, रोबो वार, रोबो सॉकर, बिल्ड द ब्रिज, ग्रीन बिल्डिंग ड्राइंग, सर्किट डिजाइनिंग को शामिल किया गया है।

तीन फीसदी छूट, विषयों में भी मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रों को मेरिट के आधार पर नंबरों में राहत देने जा रहा है। इस बार प्रवेश लेने वाले छात्रों को विषयों के चयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। विवि की नई व्यवस्थाओं को पटल के आधार पर कुलपति की ओर से स्वीकृत किया गया है।

पहले बीकॉम और एमकॉम में प्रवेश के लिए 48 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता रही है। इस बार विवि प्रशासन ने छात्रों को राहत दी है। स्नातक और परास्नातक में प्रवेश लेने वाले छात्रों को न्यूनतम अर्हता 45 प्रतिशत दी है। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का कहना है कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम की अर्हता वही रहेगी जो रेगुलर छात्रों की है। बताते हैं कि बीए के विषयों के ग्रुप पुनर्निधारित किये गए हैं। सत्र 2024-25 में विवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में इन्हीं ग्रुपों से चयन करने की व्यवस्था भी होगी। प्रत्येक छात्र ग्रुप से एक विषय चुन सकता है।

समिति की बैठक के दौरान उपस्थित लविवि के कुलपति। अमृत विचार

▸▸ स्नातक और परास्नातक कक्षाओं के प्रवेश के लिए भूमिका

▸▸ सुझावों के बाद कुलपति ने लिया निर्णय, होंगे बदलाव

छात्रों को दिया जाएगा अतिरिक्त अवसर

ऐसे छात्र जिन्होंने छठे सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन वे प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नही कर सके हैं। वे पांच वर्ष की निर्धारित अवधि भी पूरी कर चुके है, ऐसे में छात्रों को समिति द्वारा एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा।

बीटेक और बीफार्मा के लिए काउंसलिंग: बीटेक और बीफार्मा के प्रवेश यूपीटीयू, एमएमटीयू और एचबीटीयू की काउंसलिंग के आधार पर किये जाएंगे। अभ्यर्थियों को विषय चयन करने के लिए पर्याप्त समय भी दिया जा रहा है।

सांस्कृतिक संध्या के साथ सुशासन पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लविवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का दूसरे दिन समापन

अमृत विचार : लविवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन दो सत्रों का आयोजन किया गया। पहले तकनीकी सत्र में लखनऊ के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. यूबी सिंह और बीबीएयू के प्रो. ओपीबी शुक्ला शामिल हुए। वहीं दूसरे सत्र का आरंभ लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. पीएन गौतम थे। कार्यक्रम में हिमांचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, हिमांचल प्रदेश के विशेषज्ञ सम्मिलित रहे।

समापन सत्र की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने की। उन्होंने सुशासन के लिए नेतृत्व में दूर दृष्टि की उपयोगिता के महत्व को रेखांकित किया। दो दिनों में चर्चा और बौद्धिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच बनने का वादा किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा, राजस्थान और बिहार के विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। इसमें विवि के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन, कविताओं और नृत्यों को प्रस्तुत किया गया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

अभियांत्रिकी संकाय के टेक्निकल फेस्ट प्रिज्म-२०२४ का पोस्टर लान्च

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में इंटर कॉलेजिएट टेक फेस्ट प्रिज्म-2024 का आयोजन 8 व 9 अप्रैल को किया जायेगा। गुरुवार को प्रिज्म-2024 के पोस्टर, ब्रोशर, वेबसाइट एवं सत्र 2023-24 के प्लेसमेंट ब्रोशर का अनावरण कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, संकाय के डीन प्रो.एके सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.संगीता साहू एवं प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु पांडेय द्वारा किया गया। टेक फेस्ट के अनावरण के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कहा कि टेक फेस्ट प्रिज्म-2024 छात्रों के लिए इनोवेशन एवं कोलैबोरेशन का उत्कृष्ट समागम होगा, जहां उन्हें ज्ञान अर्जित करने एवं अपने ज्ञान को परखने दोनों का अवसर मिलेगा। प्रिज्म-2024 एक डायनेमिक दो दिवसीय इंटर कॉलेज टेक फेस्ट है, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में तकनीकी कौशल, इनोवेशन एवं हेल्दी कंपटीशन को प्रोत्साहित करना है। प्रिज्म में प्रोग्रामिंग चैलेंजस, सेमिनार्स, वर्कशॉपस एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रति